## खबर संक्षेप



### सिद्धि योग में मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

**रसेला।** रामनवमी पर्व के बाद अब हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भक्तों के द्वारा तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरों की साफ सफाई रंग रोगन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम रसेला में हनुमान जन्मोत्सव पर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हनुमान चालीसा पाठ के साथ हवन किया जाएगा, महाआरती कर प्रसादी वितरण कर संपन्न होगा। ज्ञात हो कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा यानी 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस तिथि पर दो बहुत ही शुभ योग पड़ रहें हैं। मंगलवार को मंगल प्रधान चित्रा नक्षत्र पड़ने से सर्वार्थ सिद्धि योग बन गया है। साथ ही वज्र योग भी है। महाराज अंजनी शरणं ने बताया कि शास्त्रों में यह उल्लेख मिलता है कि हनुमान जी को कुबेर द्वारा दी गई गदा भी वज्र रूपी है, जो कि सुरक्षा के साथ वैभव का भी प्रतीक है। पूजा का मुहूर्त है वृषभ लग्न सुबह 6:53 से 8:52 बजे तक अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:36 से दोपहर 12:24 बजे तक, सिंह लग्न दोपहर 1:20 से 3:30 बजे तक रहेगा। हनुमान जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाने के लिए समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**बागबाहरा।** दुनिया को अहिंसा का संदेश देने वाले भगवान महावीर स्वामी की 2623 वा जन्म कल्याणक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, स्थानीय जैन मंदिर में श्री जैन श्री संघ सेवा समिति ने महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक का आयोजन किया। इस अवसर पर सुबह 7:30 बजे जैन मंदिर में स्नात्र पूजा, आरती व शांति कलश के बाद 9 बजे नगर में शोभायात्रा निकाली गई। जैन मंदिर से किया गया, जैन मंदिर से प्रारंभ हुई यह शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर वापस जैन मंदिर पहुंची, शोभायात्रा में रथ में भगवान महावीर स्वामी की मूर्ति विराजित की गई थी जिसका जगह-जगह पर विधि-विधान से पूजा की गई, ढोल बाजे के साथ निकली शोभायात्रा में बागबाहरा जैन समाज के बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, बालिका व बच्चों ने हिस्सा लिया। वापस जैन मंदिर में जुलूस के समापन के बाद 3:30 बजे भगवान की पूजा व रात के प्रभु भक्ति का आयोजन किया गया।

### महावीर जयंती पर निकली जैन समाज की भव्य शोभायात्रा

**महासमुंद।** चैत्र सुदी तेरस 21 अप्रैल को भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक के अवसर पर महासमुंद जैन संघ ने भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा जैन मंदिर गांधी चौक से निकलकर गुड़रुपारा, सिविल लाइन, नेहरू चौक, कॉलेज रोड, होते हुए जैन मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में भगवान की माता ने जो 14 स्वप्न देखे थे उसकी मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। इस शोभायात्रा में भगवान भव्य रथ में विराजमान थे। समाज के सभी वर्ग पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे बड़े उल्लास के साथ पारंपरिक वस्त्र में इस यात्रा में शामिल हुए।
इस दौरान सर्व हिंदू समाज द्वारा शोभायात्रा का नेहरू चौक में स्वागत किया गया। लोहिया चौक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रभु के चरणों में गवली की गई।

## निधन

### पूरण लाल निषाद

**राजिम।** रांवड़ निवासी पूरण लाल निषाद 80 वर्ष का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। वे गमन निषाद, खिलेश निषाद, थामेश निषाद के पिता थे।

## सियासत : भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव घर-घर कर रहे प्रचार

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व से देश में अभूतपूर्व बदलाव आया : पारस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

भाजपा मंडल चुनाव प्रभारी एवं जिला पंचायत गरियाबंद के पूर्व उपाध्यक्ष पारस ठाकुर एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता इन दिनों लगातार गांव -गांव घर- घर पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को विजयी बनाने की अपील कर रहे है। आज बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गिरहोला, गोपालपुर, देहारगुड़ा, जिड़ार पहुंचकर जहां घर- घर जनसंपर्क किया गया। वहीं बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष पारस ठाकुर ने कहा कि भाजपा ने अपनी संकल्प पत्र में सभी वर्गों के विकास का समायोजन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में आने से देश का विकास और



तीव्र गति से होने लगेगा। आज घर-घर पेयजल की व्यवस्था पहले मोदी सरकार ने अमृत जल योजना के माध्यम से कर चुके हैं। साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य व्यापार उद्योग सहित बुनियादी जरूरत पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। भाजपा महामंत्री दिलीप साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया और विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप साहू, मनोहर बघेल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदिनी नेताम, भाजपा जिला मंत्री सरिता ठाकुर, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बिसेसर सिक्का, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुमारी बाई पटेल, सुहागा पाड़े, ऋतु ध्रुव, भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री तुलसी राठौर एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# महिलाएं देश में कांग्रेस की सरकार चाहती है : सिन्हा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

कांग्रेस के 5 न्याय व 25 गारंटी को बुथ कांग्रेस कमेटी परदेशी राम सिन्हा के नेतृत्व में घर-घर पहुंचकर महिलाओं को विशेषकर बता रहे हैं। ग्राम छुईहा में ब्लाक कांग्रेस के पूर्व महामंत्री व बुथ प्रभारी छूईहा परदेशी राम सिन्हा ने कहा कि महिलायें देश में कांग्रेस की सरकार बनाने लामबंद हो गए हैं। वो कांग्रेस नेतृत्व की सरकार देखना चाह रही है। गरीब परिवार की महिलाओं मुखिया को हर साल 1 लाख और महीने में 8333 रूपये देने का वादा किया है। कांग्रेस ने मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 200 से बढ़ाकर 400 करने का वादा किया है। छुईहा में घर-घर पहुंचकर अपनी कांग्रेस की योजना को समझाने पर किसान, मजदूर भी केंद्र में बदलाव के पक्षधर हो गये है। महिलाओं को कांग्रेस के वादों से आशा की नई किरण दिख रही है। कांग्रेस ने कुल 5 न्याय की गारंटी दिया है। नारी न्याय, युवा न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और भागीदारी न्याय पांचो न्याय घोषित होने के बाद से ही गांव के हर वर्ग के मतदाताओं में कांग्रेस के रूझान बदला है। लोगों को कांग्रेस की सरकार में अपना भविष्य दिख रहा है। इस प्रचार - प्रसार में, बुथ प्रभारी परदेशी राम सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब, थानेन्द्र सिन्हा, वार्ड पंच कमला सिन्हा थे।

# थाना प्रभारी ने देर रात तक होटल व लॉज का किया औचक निरीक्षण

## रिकॉर्ड की जांच कर कर्मचारियों को दी सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

रायपुर रोड देवभोग रोड स्थित होटलों व ढाबों पर पुलिस ने शनिवार देर शाम से ताबड़तोड़ छापेमारी कर औचक निरीक्षण किया। हालांकि लोकसभा चुनाव के चलते गरियाबंद में पुलिस द्वारा किए गए इस निरीक्षण के दौरान पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा। पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देश पर गरियाबंद थाना प्रभारी कृष्णाप्रसाद जांगड़े की अगुवाई में पुलिस बल के साथ रायपुर रोड सीटी जायका और हैप्पी रेस्टोरेंट देवभोग रोड पर स्थित होटलों व ढाबों की चेकिंग करने पहुंचे। इसे देख होटल व ढाबा संचालकों में हड़कंप मच गया। रिकॉर्ड की जांच कर कर्मचारियों से




पूछताछ करते हुए सख्त हिदायत दी गई। बाहर से आने वाले प्रवासियों पर नजर रखने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस ने नगर के गरियाबंद क्षेत्र में स्थित लॉज और होटलों औचक निरीक्षण किया है। कोतवाली थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़ेऔर उनकी टीम ने होटल और लॉज का निरीक्षण करते हुए होटल के रजिस्टर से वहां रुके हुए अतिथियों का मिलान किया।इसके बाद उन्होंने अतिथियों से बात कर उनकी जानकारी हासिल की व उनके समान की भी जांच की गई। थाना प्रभारी ने उन्हें अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेज रखने के निर्देश दिए। कोतवाली थाना प्रभारी ने होटल और लॉज संचालकों को आदेशित किया है कि, होटल में रुकने वाले अतिथियों की जानकारी हर हफ्ते थाने में लाकर जमा करें। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी व उनके थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

### अर्चना खरे जिला कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत

**गरियाबंद।** अधिवक्ता अर्चना नरेंद्र मोहन खरे लगातार दूसरी बार गरियाबंद जिला महिला कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नियुक्त की गई हैं। अधिवक्ता अर्चना खरे



को इससे पहले 2019 में कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई थी। इस दौरान किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी ने हाल ही में प्रदेश में विधि प्रकोष्ठ के नए जिलाध्यक्षों के नामों की सूची जारी की। अधिवक्ता अर्चना खरे ने अपनी नियुक्ति का श्रेय प्रदेशाध्यक्ष फूलों देवी नेताम, विधि प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष उषा रंजन श्रीवास्तव, गरियाबंद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष पदमा दुबे गरियाबंद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष भवसिंह साहु को दिया।

# शत-प्रतिशत मतदान करने पतंजलि योग समिति ने लोगों से की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान न्यास के पांचों संगठन ने लोकसभा चुनाव में लोगों से एक मजबूत एवं समृद्ध सरकार के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। भारत स्वाभिमान से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में लोगों से मजबूत सरकार के लिए शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की है। मंच ने जागरूकता गोष्ठीमें लोगों से यह शपथ लेने को भी कहा है कि वह अपने मताधिकार का उपयोग इस चुनाव में जरूर करेंगे। गोष्ठी में कहा गया है कि आजादी को लंबा समय बीत जाने के बाद भी देश में अनेक समस्याएं खड़ी हैं, जो समाज को प्रभावित कर रही हैं। विभिन्न समस्याओं का हवाला देते हुए वोटिंग के लिए प्रेरित



करने की कोशिश की गई है। मतदाताओं को बताया गया है कि भ्रष्टाचार , बेरोजगारी जैसी बड़ी समस्याओं को खत्म करने के लिए एक मजबूत सरकार की जरूरत है। मजबूत सरकार के लिए शत-प्रतिशत वोटिंग को लक्ष्य बनाने की बात कही गई है।इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संरक्षक यशवंत यादव, भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू, महामंत्री बिंदू सिन्हा, युवा भारत जिला प्रभारी योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा, किसान सेवा समिति ललित साहू, कोषाध्यक्ष शंकर यदु, शीतल ध्रुव, ईश्वर यदु, देवनारायण यदु, हरीश नेताम, पोखन ठाकुर, नरेन्द्र साहू, जागेश्वर ध्रुव, कीर्ति तारक, फनेंद्र साहू, हेमलाल पटेल, भोज पटेल, गणेश आजाद, चुरेन्द्र यदु, कृष्णेश यदु, संतोष निषाद, ललित साहू, होरीलाल, हीरा लाल साहू, मनहरण पटेल, तीजऊ साहू, गोविंदा नेताम आदि शामिल थे।

# हिंदू समाज का गौरव है दानवीर भामाशा : साहू




**राजिम।** राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती मनाई गई। आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि दानवीर भामाशाह की दानशीलता संपूर्ण हिंदू समाज के लिए गौरव की बात है। उनका जीवन मातृभूमि की सेवा के लिए समर्पित रहा। यह साहू समाज के लिये गौरव की बात है।जब भारत का बेटा महाराणा प्रताप देश के लिए लड़ाई लड़ रहा था और जब उनका खजाना खाली हुआ तो तेली समाज का बेटा दानवीर भामाशाह ने अपने खजाना लूटा कर मातृभूमि के आन-बान शान और गौरव की रक्षा के लिए सर्वस्व समर्पण कर दिया। निश्चित ही दानवीर भामाशाह संपूर्ण भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है। हमें गर्व है कि हम उनके वंशज हैं। प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि दानवीर भामाशाह हिंदू समाज को गौरवांवित किया है। दानवीर भामाशाह के जो योगदान है उसे आने वाले हजारों हजारों वर्षों तक याद किया जाता रहेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि अपनी संपूर्ण संपत्ति दान कर मातृभूमि की रक्षा करने वाले महान दानवीर भामाशाह की 441 में जयंती है समारोह में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।



# पीएम मोदी हर वर्ग के लिए काम कर रही है : शरद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ द्वारा महासमुंद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के लिये भसेरा, अरण्ड में प्रचार किया गया और समाज के लोगों से वोट देने आग्रह किया। यह जानकारी देते हुए भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शरद पारकर ने बताया कि मोदी सरकार व मुख्यमंत्री विष्णु देव सरकार हर वर्ग के लिये काम कर रही है। केंद्र में मोदी सरकार तीसरी बार बनाना है। बैठक में भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी शरद पारकर, जिला सहसंयोजक मोतीराम निषाद, सह संयोजक राजेश धीवर, मदन निषाद, लिखम निषाद, केजू निषाद, छेरकुराम निषाद, बहूर, रामगुलाल धीवर, जनक धीवर, कासी धीवर मौजूद थे।

## पत्नी ने पति के सिर पर मारी राड

**महासमुंद।** नदी मोड़ घोड़ारी के बंगाली कॉलोनी में अपने पति को लोहे के राड से मारकर चोट पहुंचाने वाली महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी संजय घरामी पिता विमल (38) बंगाली कॉलोनी घोड़ारी ने पुलिस को बताया कि आरोपी शर्मिला घरामी पति संजय घरामी (30) ने पति के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के राड से सिर पर मारकर चोट पहुंचाया है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# भाजपा का माइक्रो डोनेशन कैंप शुरू, 300 ने दिया दान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

अभनपुर विधानसभा में भाजपा का माइक्रो डोनेशन कैम्प का शुभारंभ विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य के यह देशव्यापी कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने क्षेत्र के समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी व पार्टी हित एवं राष्ट्र नव निर्माण में अपनी स्वेच्छा से योगदान कर विकसित भारत के संकल्प को मज़बूती प्रदान कर आगे आने की बात कही। माइक्रो डोनेशन कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी शान्तनु सिन्हा व विधानसभा प्रभारी गोयल भट्ट के प्रयास से एक ही दिन मे लगभग 300 लोगों ने स्वेच्छा से योगदान देकर राष्ट्र हित में अपनी सहभागिता प्रदान की। इस दौरान प्रवीण बजाज, किशन शर्मा, सूरज साहू ,वरूण राठी,सुरेश वर्मा, परमजीत सचदेव,मुकेश ढीढी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाजार में 80 से 100 रूपये प्रति नग के हिसाब से मटके बिके

# गर्मी बढ़ते ही देशी फ्रीज मटका की मांग बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिये देशी फ्रिजर यानी मटके की मांग इन दिनों बढ़ गई है। बाजार में 80 से 100 रूपये प्रति नग के हिसाब से मटके जमकर बिक रहे है। मैनपुर क्षेत्र के नदीपारा में बनने वाले लाल मिटटी का मटका की मांग गर्मी के दिनों में बहुत बढ़ जाती है। बताया जाता है यहां के मटका का पानी फ्रिज जैसे ठंडा रहता है इसलिये लोग यहां के मटके को रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, धमतरी, बस्तर तक खरीदकर ले जाते है। जहां गर्मी के तपिश बढने के साथ इन दिनों मटका खरीदने वालों की संख्या बढ़ गई है। इलेक्ट्रानिक फ्रिज का चलन होने के



बावजूद नगर व शहरों में मटका का उपयोग करने वालों की कमी नहीं है क्योंकि मटके की सौंधी खुशबू वाला पानी सभी को पसंद आता है। मटकों के पानी से स्वास्थ्य पर भी विपरित असर नहीं पड़ता है। प्रकृति में कितना भी बदलाव आ जाये कितनी भी आधुनिकता सिर चढ़ कर बोले परंतु किस चीजे ऐसी होती है जिसका साथ कभी नही छूट सकता जिसमें एक मिटटी से बना मटका है आज भी मटके के ठंडे पानी से आती सौंधी खुशबू गले के रास्ते दिल मे उतर जाते है। भारी गर्मी के कारण इन दिनो मटके की जमकर बिक्री हो रही है मटका के साथ सुराही का भी जबरदस्त चलन है इसे क्षेत्रीय भाशा मे देशी फ्रिज के नाम से जानते है।

